मासिक—

मानव मन्दिर

सम्पादक :

एम० आर० भक्त
पी. एस. ई. (रीटायर्ड)

वर्ष 8	सोमवार 10 अक्टूबर 1981	संख्या 6

सत्संग हजूर परम दयाल जी महाराज़, मानवता मन्दिर, होशियारपुर ।

दिनांक 5-7-81

मैं अब सत्संग कराने के योग्य नहीं रहा। क्यों ? क्योंकि यात्रा में चलता-चलता ऐसे स्थान पर पहुंच रहा हूं जहां न गुरु है, न शिष्य है, स्वामी है, न चेला है। जब वह अवस्था आ जाती है फिर सत्संग कौन कराये। जीवन किसी खोज में निकला था, भाग्य राधास्वामी मत में ले आया। इस मत में गुरु महिमा गाई हुई है। दाता ने नाम दान दिया, अत: अभ्यास करता हुआ चला आ रहा हुं। अब कहाँ पहुंचा ? जो मंजिल राधास्वामी

दयाल ने व कबीर साहिब ने कही है, वहां पहुंच रहा हूं। जेठ महीने में वह बताते हैं कि हमें कहां जाना है ?

जहां न सत्तनाम न नाम न अनामी।

कबीर साहिब ने कहा है :—

जहां पुरुष तहां कछु नाहिं, कहैं कबीर हम जाना।
हमरी सैना जो कोई समझे, पावे पद निर्वाना।

जब तबीयत वहां चली गई तो शेष सब समाप्त हो गया। अब तो गले पड़ा ढोल बजाता हुँ। ऊपर तो कहना; सुनना कुछ नहीं। न बोलना है, न चलना हैं, खामोशी है, चुप है, परम सुख है, शान्ति है,जहां कि हमने जाना है। आप लोग आ जाते हैं। आपको नीचे आकर क्या कहना चाहता हूं ? मालूम नहीं, सन्तों का कोई और अभिप्राय होगा। मुझे पता नहीं। मुझे जो कुछ मिला मैं वह कहता हूं। आपको जीवन का अनुभव बताता हूं कि जितना जीवन का झगड़ा है, हमारा सुख-दुःख, नेकी-बदी, पाप-पुण्य यह सारे का सारा सब हमारे मन का है।

यदि कोई व्यक्ति मन को काबू कर ले; मन पर सवारी कर ले तो उसके जीवन के सम्पूर्ण दुःख दूर हो सकते हैं। और जब तक व्यक्ति मन से परे नहीं जाता वह लाख प्रयत्न करे, लाख धर्म करे, लाख कर्म करे, दुःख सुख से वह बच नहीं सकता। गर्ज़े कि हमारे दुःखों व सुखों का, जन्म-मरण का सारा कारण जो है यह हमारा मन है। अतः मन को सम्भालना अत्यावश्यक वस्तु है।

मैं मन के चक्कर में बुरी तरह आया हुआ था। केवल इस एक ख्याल ने कि मेरा रूप लोगों के अन्दर प्रकट होकर उनकी सहायता करता है और मैं नहीं होता। मैं किसी के अन्तर नहीं जाता और न मुझे पता तक ही होता है। मुझे मन के रूप को सोचने व समझने के लिए विवश किया व मन से बचा कर मेरे जीवन का तख्ता बदल दिया और अब मैं ऊंचा चढ़ गया तो मन समाप्त हो गया। मैं अब जैसे क़ैदी क़ैद में घसीटा जा रहा हो ऐसे बोल रहा हूं। तबीयत नहीं करती। क्योंकि मन से ऊपर चला गया हूं। जब मन ही न रहा तो बोलेगा कौन; क्या कहेगा और किसी को क्या बोलेगा। कबीर साहिब की वाणी है :—

मन को मारूं पटक कर टूक-टूक हो जाय।
विष की क्यारी बोय कर लुन्ता क्यों पछताय।
यह मन फटक पछोर दे, सब आपा मिट जाय।
पंगुला होय पिव पिव करे, ताको काल न खाय।

मन, माया का रूप समझ में आने से कि मानव के अपने मन के अन्तर जो कुछ फुरता है यह उसकी अपनी ही आत्मा है अर्थात् उसके जिस प्रकार के कर्म हैं, उसको जिस प्रकार के ख्यालात व विचार मिले हुए हैं उस प्रकार की बातें उसके अन्तर होती हैं, इस का विश्वास होने से मेरी आंखें खुलीं और मैं मन के चक्कर से निकल सका। अभी मन में रहता तो हूं मगर मन अब मुझे मारता नहीं। यह जो तुम्हारा मन है यही गुरु है, यही शिष्य है। यही सब कुछ करता है। किसी के अन्तर राम प्रकट हुआ, कृष्ण प्रकट हो गया या कोई गुरु प्रकट हो गया, कोई देवी आ गई। हम समझते हैं कि वह बाहर से आये। वह बाहर से कोई नहीं आता और हम सांसारिक लोग इस प्रकार के चमत्कार देख कर इसी एक भ्रम में आकर, मूर्ख बन कर संसार में लुट गये। तथा इस मन रूपी चक्कर में आकर भिन्न-भिन्न धर्मों व पन्थों में बंटे हुए

हैं व दुःख-सुख उठाते हैं। क्योंकि लोग सूक्ष्म प्रकृति की समझ नहीं रखते, इसलिए वे उसे चमत्कार कह देते हैं।

परसों मैं कर्नाटक का Radio सुन रहा था। एक सन्त पुरेन्द्र नामी हुआ है उसकी बाबत कहानी थी। वह दुकानदार था। उसकी पत्नी बड़ी भक्तिन थी। कोई ब्राह्मण आया कि मेरी लड़की की शादी है, मैं बहुत दुःखी हूं, मुझे कुछ दे दो। उस स्त्री के पास और तो कुछ नहीं था अतः उसने अपनी नथ (नाक का गहना) उस ब्राह्मण को दे दी। और वह ब्राह्मण उसी स्त्री के पति (जो दुकानदार था उस) की दुकान पर गया कि यह नथ ले ले तथा लड़की की शादी के लिए कपड़े दे दे। अब जब उसने उस नथ को देखा तो उसने उस गहने को पहचान लिया। उसने कहा—तू बैठ। वह स्त्री के पास गया तथा उसने उससे नथ के बारे पूछा! स्त्री घबराई। उस ने कहा—मैं ला देती हूं। वह अपने कमरे में गई, उसने सोचा? नथ तो मेरे पास नहीं है तो पति के सामने मेरी बेइज्जती होगी! उसने विष घोला और पीने लगी।

उसकी नथ उस कटोरी में आ गई। उसने नथ लेकर उसको दे दी। अब वह बड़ा हैरान हुआ। उसने जाकर वहां देखा कि जहां वह सन्दूकची में नथ रख कर गया था वहां नथ नहीं थी। जब से उसको यह ज्ञान हो गया, साधु हो गया, महात्मा हो गया, गृहस्थ छोड़ दिया। जो कुछ पास था दान में दे दिया। फिर उसने प्रचार करना प्रारम्भ किया। अब मैं सोचता हूं कि क्या यह ठीक है? मानव के विचार में बड़ी भारी शक्ति है। हमारा मन ही रक्षक है और मन ही हमारा भक्षक है। जो कुछ है तुम्हारा अपना मन है। जो व्यक्ति इस मन को काबू कर लेता है वह इस संसार में सफल होता है। मगर मन को काबू करने का क्या इलाज है? यह एक प्रश्न है। मैंने जो इलाज किया मैं वह बता सकता हूं। शायद आप लोगों के लिए पूरा न हो। मैं सारा जीवन मन के साथ जूझा। कभी मैंने मन को मारा और कभी मन ने मुझ पर सवारी की। मुझे तो मन का रूप समझ में आने से मन काबू में आया। अर्थात् केवल एक विश्वास से कि मेरे मन

के अन्तर जितनी शक्लें व विचार बनते हैं यह बाहर से कोई नहीं आते यह मेरे अपने ही मन के संस्कार व ख्यालात हैं। अतः इस समझ से जब भी मेरे मन से कोई गन्दा, बुरा या अच्छा ख्याल निकलता है तो मैं उसे केवल सूक्ष्म प्रकृति समझ लेता हूं। इसी ख्याल से मेरा जीवन बना, मैंने यह समझा। आप लोग मन को कैसे काबू करें मैं यह नहीं जानता। मन को काबू करना कोई सरल नहीं है और शायद यह काबू होता भी नहीं और न ही मन कभी मरता है, केवल मन को ऐसी जगह (मत्थे के बीच के स्थान से ऊपर) ले जाओ जो कि ख्यालात से ऊपर है। जब तक मन इस जगह से ऊपर नहीं जायेगा यह अपना अच्छा या बुरा खेल अवश्य करता रहेगा। अतः यह साधन और अभ्यास किया जाता है। जो कुछ मैंने समझा कि मैं कैसे ऊपर गया, यही कबीर साहिब ने कहा हैं। वह कहते हैं कि कोई भी व्यक्ति किसी अवस्था में भी इस मन से पार नहीं जा सकता। लाख कोई सिर पटक कर मर जाय उसका मन बिलकुल काबूमें नहीं आयेगा जब तक उसको यह ज्ञान नहीं कि जो कुछ इसके मन के अन्दर फुरना फुरती है यह

कल्पित है और माया है। यह मेरा अनुभव है और चूंकि यही अनुभव कबीर साहिब ने भी निम्नलिखित शब्द में कह दिया, इसलिए मुझे हौसला हो गया। मेरे मन ने मुझको बहुत-२ तंग किया हुआ है। मैं जानता हू कि मेरे मन ने मेरे साथ क्या किया हुआ है मुझ को पता है :—

साधो ! यह मन हैं वड़ा जालिम ।
जा को मन से काम परो है, तिसही ह्वै है मालूम ।
मन कारन जो उनको छाया, तेहि छाया में अटके,
निरगुन सरगुन मन की वाजी, खरे सयाने भटके ।
मन ही चौदह लोक बनाया, पांच तत्त गुण कीन्हे,
तीन लोक जीवन वस कीन्हे, परै न काहू चीन्हे ।
जो कोउ कहै हम मन को मारा, जा के रूप न रेखा,
छिन छिन में कितनौं रंग ल्यावै, जे सपनेहु नहिं देखा ।
रसातल इकइस ब्रह्मंडा, सव पर अदल चलावै,
षट रस में भोगी मन राजा, सौ कैसे कै पावै ।
सव के ऊपर नाम निहच्छर, तहँ लै मन को राखै,
तव मन की गति जान परै यह,सत्त कबीर मुख भाखै ।

तुमको जीवन का क्रियात्मक अनुभव बताता हूं ताकि तुम अपने जन्म को बना लो । यह मन जालिम कैसे है ? देखो ! थोड़ा सा विचार आ जाता है,

कोई चिन्ता आ जाती है जिस से सारी-२ रात व्यक्ति को नींद नहीं आती क्योंकि विचार सताता रहता है। हाय ! यह क्या हुआ, हाय ! यह क्या हुआ। यह कठिनाई रहती है फिर काबू कैसे आयेगा ? मन के अन्दर से जो ख्यालात उठते हैं जब तक इन्सान उनको सत्य मानता रहेगा तो मन को काबू नहीं कर सकता। बहुत सच्ची और ऊंची बात है। मेरे साथ बीतती है। हालाँकि मैं सब कुछ जानता भी हूं फिर भी किसी समय शक्लें या ख्यालात मेरे सामने आते रहते हैं। जानता हूं कि यह माया के सिवाय के कुछ भी नहीं। स्वप्न समान केवल संस्कार अर्थात् Suggestions & Impressons हैं जो मन पर पड़े हुए हैं। वास्तविकता कुछ और है जो इससे परे है। मगर फिर भी वे आते हैं, रुकते नहीं। थोड़े से हालात पैदा हो जाते हैं, कोई बात आ जाती है, मन्दिर की हो या अपने घर की हो या किसी समय तुमको ऐसा दुःख आ जाता है, वो ख्यालात बार-बार आते है और बार-बार तुम्हारा मन तुमको सताता है। कि नहीं सताता ? झगड़े, विचार करता रहता है। मेरे पर भी आता है। यह क्रियात्मक पहलू (Practical life) का

ज़िक्र है फिर क्या करता हूं ? फिर कैसे काटता व गंवाता हूं ? इनसे छुटकारा कब मिलता है ? अपने मन को छोड़ कर ऊपर ध्यान बांधता हूं। सुरत को त्रिकुटी के स्थान से ऊपर ऊंचे ले जाता हूं तब मुझे छुटकारा व शान्ति मिलती है। मैंने प्रण किया था कि अपना अनुभव कह ज ऊंगा। जो मैंने अपने जीवन में अनुभव किया, यह है वह सच्चाई।

मैंने लाख प्रयत्न किये कि मन मेरे काबू में रहे, आनन्द लिए, खुशियां लीं। लेकिन समय आया जब गिरा। सारा जीवन इसी समस्या से संघर्ष करता रहा। आखिर जब से मन के रूप का सच्चा ज्ञान मिला तब मेरे अन्दर जो कुरेद या चाह थी जिसके लिए मैं भागा दौड़ा करता था, जिसके लिए मैंने गुरु किया तथा तपस्या की, यह किया, वह किया, तब उसका निर्णय हुआ। तुम भी इस मन के चक्कर में आये हुए हो। प्रत्येक व्यक्ति आया हुआ है। अब मैं चाहता हूं कि तुम्हारी आंख खुले। कई को तो यह ज्ञान भी नहीं है कि मन से परे भी कोई वस्तु है या कि नहीं।

मानव के मन के अन्दर या हमारी बुद्धि में किसी वस्तु की खोज है। सब इस खोज में फिरते हैं; समझते हैं कि वह बाहर से मिलती है। हालांकि इन्सान की खोज तो तब समाप्त होगी जब मानव का मन समाप्त हो जायेगा। अगर बात समझ में आ जाये अर्थात् मन का रूप समझ में आ जाये तो अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता नहीं। बात तो केवल मन के ख्यालात को रोकना और मन की लहरों में न फंसना है। जब तक मन विद्यमान है किसी का बुद्धि, मन, चित्त, अहकार मौजूद है, इसके साथ यह खोज कभी भी समाप्त नहीं होगी। तो सन्तों ने इसका इलाज यह बताया कि दसवें द्वार से आगे जाओ अर्थात् मन को छोड़ जाओ। लेकिन जब तक मन इकट्ठा नहीं होगा तब तक मन से आगे कैसे जाओगे? अत: इसका उपाय सुमिरन, ध्यान व भजन से अपने अन्दर ही मन को इकठ्ठा करना है। यही सुमिरन, ध्यान व भजन का उद्देश्य है। अब प्रश्न यह है कि यह खोज क्यों होती है? मन, विषय-विकार कमाने व लुटने या सांसारिक इच्छाओं में फंसने के कारण गन्दा व

निर्बल हो जाता है। कभी यह चाहता है कभी वह चाहता है और जो वस्तु जितनी निर्बल है उतनी गति व खोज अधिक करती है। उसे यह समझ नहीं आती है कि जो कुछ है तेरे अपने मन के अन्दर है। प्रेम में देना होता है। प्रेमी अपने प्रियतम को सब कुछ देना चाहता है, मांगता नहीं। क्योंकि मांगने वाला भिखारी होता है। जो बाहर में कुर्बानी करता है वह अन्दर जाता है और उसको ही टिकाव मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी आत्मा की ही खोज करता है।

मन को मारूं पटक कर, टूक-टूक हो जाय।
बिष की क्यारी बोय कर, लुन्ता क्यों पछताय।

विष की क्यारी क्या है ? गन्दे ख्याल व विचार और बुरी आशाएं रखना। तुम बुरी आशाएं रखोगे तो बुरे हो जाओगे और यदि अच्छी आशाएं रखोगे तो अच्छे हो जाओगे।

यह मन फटक पछोर ले, सब आपा मिट जाये।
पंगुला होय पिव-पिव करे, ताको काल न खाय।

यह परमार्थ है। पीऊ-पीऊ करना क्या है? अपने घर जाने की प्रबल चाह रखना अर्थात् मन से ऊपर जाना। मैंने यह चाह रखी थी और अब मैं पहुंच गया। गो, वहां ठहरा नहीं जाता मगर पहुंच गया। मुझे अनुभव हो गया। मिला क्या? क्या मैं कुछ बन गया? केवल मस्तिष्क में जो फित्तूर था कि परमात्मा क्या है? यह क्या है? वह क्या है? यह सब समाप्त हो गया। और जब वहाँ पहुंच जाता हूं तो बोलने को मन नहीं चाहता कहूं क्या? अब बड़ी कठिनता से नीचे आकर बोल रहा हूं।

मन पांचों के वश पड़ा, मन के वश नहिं पांच।
जित देखूं तित दौं लगी, जित भागूं तित आँच।

मन के अन्दर गन्दे ख्यालात आते हैं उसी में हम फंसे हुए हैं। जिधर जाओ मन ही मन है, तंग करता है।

कबीर वैरी सबल है, एक जीव रिपु पांच,
अपने-अपने स्वाद को, बहुत नचावै नाच।

यह परमार्थ है। जो व्यक्ति इस संसार से निकलना चाहते हैं, सन्तों की शिक्षा उनके लिए है :—

कबीर मन तो एक है, भावैं तहां लगाय,
भावैं गुरु की भक्ति कर, भावैं विषय कमाय।

अब इन वाणियों ने हमको पागल किया हुआ है। कहते हैं गुरु की भक्ति करो। हम लोग सारा जीवन बस गुरु के चरण में बैठ कर उसके पांव धो-धो कर पीते-पीते मर गये। गुरु की भक्ति है क्या? गुरु के सत्संग में जाकर जो वह बात कहता है, उस बात को समझ कर उस पर अमल करना गुरु की भक्ति है। तुम लोगों को हम गुरुओं ने सच्ची बात नहीं बताई बल्कि तुम लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयत्न किया है कि आते रहो तथा हर महीने वेतन का दसवां भाग देते रहो, इसीलिए हम लोगों ने गुरुआई की है। भक्ति है क्या? गुरु समझ, ज्ञान व विवेक का नाम है। सत्संग में जाकर गुरु की बात को सुनो, बात को सुन कर, समझ कर उसपर अमल करो तभी तुम गुरुभक्त हो

और तभी तुम्हारा बेड़ा पार होगा। रुपया देने से तुम गुरुभक्त नहीं बन सकते। यह तो केवल सांसारिक व्यवहार है। मैं यह स्पष्ट क्यों कहता हूं ताकि मेरी आत्मा पर गुरु बनने का कोई पाप न आये। मैं आप लोगों को किसी प्रकार के धोखे में रखना नहीं चाहता।

मन के मारे वन गये, बन तज वस्ती मांह।
कहें कबीर क्या कीजिये, यह मन ठहरे नांह।
तीन लोक चोरी भई, सब का धन हर लीन्ह।
बिना सीस का चोखा, पड़ा न काहू चीन्ह।

तीन लोक में चोरी होना क्या है? शरीर की शान्ति, मन की शान्ति और आत्मा की शान्ति का खोया जाना, यह तीन लोक में चोरी होना है। यह क्यों होती है? क्योंकि हमारे अन्दर भिन्न-भिन्न प्रकार के ख्याल पैदा होते हैं जो हमें शान्ति नहीं लेने देते। यह शान्ति कौन ले गया? ये हमारे मन के जो ख्यालात थे वे हमारे काबू में नहीं थे, इन्होंने हमको अशान्त कर दिया।

कबीर यह मन मसखरा, कहूं तो मानै रोस,
जा मारग साहिब मिलें, ताहि न चालै कोस।

ज़रा अपने मन को देखो तो कि तुम्हारे मन के साथ क्या होता है ? अपने मन को देखा करो।

मन मुरीद संसार है, गुरु मुरीद कोई साध,
जो माने गुरु बचन को, ताका मता अगाध।

मैंने जो गुरुभक्ति कही वही कबीर साहिब ने कह दो। केवल वर्णन करने का ढंग भिन्न है। कहते हैं कि जो गुरु के बचन को मानता है वह गुरु-भक्त है, केवल मत्था ही टेकने वाला गुरुभक्त नहीं है।

जैसी लहर समुद्र की, तेती मन की दौड़,
सहजे हीरा निपजे, जो मन आवे ठौर।

जितना झगड़ा है इस मन का है। इस मन को इकट्ठा करना है, मन पर काबू पाना है। क्योंकि मन हर समय तरह-तरह के विचार उठाता रहता है। इस लिए सन्तों ने इसको अच्छे ख्याल व सुमिरन, ध्यान बताया है ताकि तुम्हारा मन ऊटपटांग न सोचता

रहे। केवल मन को काबू करने के लिए सुमिरन और ध्यान है। इसका कोई और अर्थ नहीं।

दौड़त दौड़त दौड़िया, जहां लग मन की दौड़,
दौड़ थके मन थिर भया, वस्तु ठौर की ठौर।

मैं बहुत दौड़ा। दौड़-दौड़ कर थक गया। शान्ति मिल गई। अब सांप मर गया है मगर दुम हिलती है। अब चले-चलाओ का समय है। अब सत्संग कराने को भी दिल नहीं चाहता। क्या बोलूं, बहुत कहा। अपना कर्म भोगा। दाता की आज्ञा मानता हूं। आप आ जाते हैं तो अपना कर्त्तव्य पूरा कर देता हूं कि ऐ मानव! जो कुछ है तेरे अपने ही मन को काबू करने में है। गुरु का काम है सच्ची बात बता देना, ज्ञान देना, अत: सच्ची बात बता चला।

पहले यह मन काग था करता जीवन घात,
अब तो मन हंसा भया, मोती चुन-चुन खात,
कबीर मन पर्वत हटा, अब मैं पाया जान।
टाँकी लागि प्रेम की, निकसी कंचन खान।

इस मन को प्रेम दो, सच्चाई दो यह तुम्हारा मन तुम्हारे लिए लाभदायक हो जायेगा वरना यही मन हानिकारक हो जायेगा।

अगम पन्थ मन थिर करे, बुद्धी करे प्रवेश,
तन मन सब ही छोड़ कर तब पहुंचे वा देश।

यही कबीर साहिब कहते हैं कि जब उस देश में चले जाओगे मन नहीं रहेगा अब समाधि में था वहां से उठकर बोलने को मन नहीं था, क्या बोलूं, क्या कहूं मन को watch किया करो कि यह सारा दिन क्या सोचता रहता है। अगर प्रतिदिन की बुराइयों की परवाह नहीं करोगे तो वे बुराइयां बढ़ती जाती हैं। अत:अपनी त्रुटियों को प्रतिदिन एकान्त में बैठ कर सोचो और दूसरे दिन उनको विचारने का प्रयत्न करो। एक रूप मान लो, उसको पूर्ण मानो। प्रात:, सायं मन को एकाग्र करके रूप बनाया करो व नाममाला सुमिरन करो। इससे तुम्हारी वृत्ति बलवती हो जायेगी। जो तुम्हारे Subconscious mind में इच्छाएं होंगी वे पूरी होंगी अगर न हों तो मैं जिम्मेवार हूं। प्रबल इच्छा रखो, मिल जायेगा तथा वैसे बन जाओगे। ध्यान करने वाला जो कुछ चाहे वह ले सकता है। ध्यान में इतनी शक्ति है। ऐसा करके देखो, आजमा कर देखो। सफल हो जाओ तो दूसरे को ऐसा बताओ कि ऐसा किया करो। जो कुछ है तुम्हारे ध्यान और प्रेम में

हैं। वह गुरु व वह शक्ति तुम्हारे अन्तर रहती है जितना प्रेम करोगे उतना लाभ होगा। जितना भी खेल है सब तुम्हारे विश्वास का है।

कोई गुरु तुमको कुछ नहीं देता, न राम, न कोई। तुम्हारा अपना ही विश्वास तथा मन की एकाग्रता की शक्ति तुम्हारा काम करती है। दुनिया अन्धी है, स्वार्थ में मूर्ख बन कर लुट गई। कोई कहता है मेरी राम ने, कोई कहता है मेरी कृष्ण ने सहायता की। सब पाखण्ड का जाल है। तुम्हारी सहायता करने वाला तुम्हारा अपना मन है। गुरु ने तुमको ज्ञान तथा समझ देनी है। गुरु तुमको सच्ची बात बता देगा कि ऐसा करो। करना-कराना तुमने अपने आप है। गुरु जो कहता है उस पर अमल करो कि अगर तुम संसार में सफलता चाहते हो तो अपने मन को इकट्ठा करो और जो वासना रखते हो उसको रखो, तो तुम उन्नति करोगे। मेरे विचार में मैंने आपको समझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अमल करना तुम्हारा काम है। Lecture देने में व शब्द गाने से कोई लाभ नहीं। अमल करना सीखो।

प्रात: सायं बैठ कर मन को मस्तक के बीच इकठ्ठा करो, रूप बनाया करो, मूर्ति बनाया करो। मैं नहीं कहता कि तुम राधास्वामीये हो जाओ। जिस धर्म के हो, जिस पन्थ के हो उसके अनुसार अपने आप को Adjust करो, तुम्हारा काम हो जायेगा। तुम्हारी दुनिया बन जायेगी। अगर सच पूछो तो यदि परमार्थ चाहते हो तब भी यहां मस्तक के बीच ध्यान करके (यही ओम् का स्थान है) परमार्थ की चाह करके करो, तब परमार्थ भी बन जायेगा। यह कुञ्जी है। मन तुम्हारा साथी है। अगर तुम आगे जाना चाहते हो फिर भी तुम्हें त्रिकुटी में जाना पड़ेगा। जैसा तुम्हारा ख्याल है वैसा मिल जायेगा। मैंने अपने आद घर को ढूंढ़ने व जाने का मार्ग ढूंढ़ा था अत: मैं ऊपर चला जाता हूं और वहाँ पहुंच गया। मैंने जो ख्याल किया मेरा वो ख्याल पूरा हो गया। अब फंसा हुआ हूं। अमेरिका जा रहा हूं। क्योंकि मैंने प्रण किया था कि अपना अनुभव कह जाऊंगा। वह जो मैंने सोचा हुआ था कि अनुभव कह जाऊंगा वो अपना कर्म काटता हूँ। जैसा ख्याल

वैसा हाल, जैसी मति वैसी गति; जैसी करनी वैसी भरनी।

तुम आये हो तुम गृहस्थी हो, गृहस्थियों को कई प्रकार के कष्ट आते हैं। एकान्त में बैठ कर त्रिकुटी में ध्यान करो अपने अन्तर में सच्चे दिल व सच्ची चाह से मांगो, मिल जायेगा। मेरी आजमाई हुई बात है। लोगों को आजमाने से मिलता है। यह कानपुर से अमरनाथ सच्चदेवा आया हुआ है। इसके अन्तर तीन वर्ष पहले मेरा रूप प्रकाश में स्वप्न में आया। क्यों आया ? यह कहता था कि मैं देवी-देवताओं की भक्ति करता था और सदैव ध्यान में चाहता था कि मुझे कोई अच्छा रास्ता बताने वाला मिल जाय। क्योंकि इसकी प्रबल चाह थी तथा ध्यान करता है अतः इसकी चाह ने जहां से इसको यह वस्तु मिलनी थी प्रकृति ने इसको मेरे रूप में बता दिया। यह कुञ्जी है जो मैं बताना चाहता हूं। तुम्हारे मन के अन्दर सब तुम्हारे कर्म हैं। तुम अपनी गति को आप बनाओ। गुरु ने तुमको केवल मार्ग बताना है। भटका किस लिए खाते फिरते हो। देवी के आगे, मेरे आगे मस्तक नवाते

हो। क्या मत्था टेकने से वस्तु मिल जायेगी ? यह हमारा मत्था टेकना हमारे समाज की सभ्यता है; यह दूसरी बात है। मगर यदि इस बिचार से तुम किसी को मत्था टेकते हो कि तुमको वह चीज़ दे देगा, तुम्हारी ग़लती है। जो चीज़ तुमको मिलनी है, तुम्हारे अपने अन्तर से मिलनी है। असली पूजा की चीज़ अपने अन्दर है इसलिए इस मन को अच्छे ख्याल दो, प्रेम के, भक्ति के तथा नेकी के विचार दो, सारा दिन काम करो तथा सत्संग में जाने से अपने जीवन तथा अपनी दुनिया को बदल दो। जीवन कैसे बदलेगा ? जो नसीहत करता हूं उस पर अमल करने से तुम्हारा जीवन बदलेगा, बस।

गुरु मिले तो क्या कमाल हो। यदि सत्संग से बात ठीक प्रकार समझ में आ जाये तो अधिक परिश्रम की आवश्यकता नहीं। मन को ही बदलना है। तुम उसके हो रहो वह तुम्हारा हो जायेगा। पत्नी, बच्चों से मिलो, केवल मन को राजा जनक की तरह वहां रखो। यह सब बन्धन हैं। इसके रूप को

समझ कर दिल वहां रहे तथा घर में बैठ कर योग कमाओ।

सत्संग हजूर परम दयाल जी महाराज मानवता मन्दिर होशियारपुर ।

दिनांक 12-7-81

सतसंग तीरथ राज पराग ।।
गंग भक्ति वहे निर्मल धारा, सरस्वती ज्ञान विराग,
जमुना करम धरम व्यौहारा, प्रेम प्रीत अनुराग ।
वट विश्वास इष्ट पद दृढ़ता, गुरु पद पूरन राग,
तीन त्रिबेनी कर अस्नाना, जगा सोया भाग ।
सुगम सहज सुख मंगल दाता, सुलभ जो सेवे लाग,
नहाये धोये निर्मल हो मन चित, छूटे कलि मल दाग ।
बगला विरति हंस गति पावे, कोमल बानी काग,
जीते-जो तत छिन फल देवे, इच्छा होय सो मांग ।
काम अर्थ धर्म मोक्ष जो चाहे, ऐसे तीरथ भाग,
राधास्वामी दया से पूरन कामा, गुरु संगत नित जाग ।

राधास्वामी ! यह सत्संग की महिमा गाई हुई है मैं अपनी आत्मा से पूछता हूं कि क्या यह ठीक है ? मैं नाक-कटों में शामिल नहीं हुआ न ही हां में हां मिलाता हूं। सत्संग किसे कहते हैं ? जहां सत्तपुरुष का कीर्तन होता है अर्थात् सत्त का संग । जो सत्संग कराने वाला है, जिसकी तुम संगत करोगे उस के प्रभाव तुम पर आयेगे। विज्ञान ने साबित किया है कि मानव का शरीर रेडियो स्टेशन है। इसके अन्तर से जो कुछ होता है यह निकलता रहता है और दूसरों पर प्रभाव डालता रहता है । दूसरों की Society का प्रभाव हम पर होता रहता है । इस का प्रमाण आपको पुलिस के कुत्तों से मिलता है। डाकू या चोर की कोई चीज़ कुत्ते को सुँघा देते हैं तो जिस मार्ग से डाकू या चोर गया होता है, वहाँ-वहाँ वह कुत्ता सूँघता हुआ अपराधी को पकड़ लेता है। इस लिए प्रमाणित हुआ कि कोई आदमी हो, जानवर हो बृक्ष हो या फूल हो कोई भी हो प्रत्येक के भीतर से जैसा वह है उसके जज़्बात निकलते रहते हैं और तुम जिस प्रकार के व्यक्तियों

से प्रेम करोगे उनको Rediation तुम पर अवश्य आयेगी। मैंने प्रत्येक वस्तु को क्रियात्मक पहलू से देखना चाहा है। अब मैं अनुभव करता हूं कि मैंने बहुत बुरे कर्म किये हुए थे जो मुझे सत्संग कराने का काम करना पड़ता है इसका मुझे बुरा फल मिलता है। यदि मुझे 20 वर्ष पहले पता होता तो मैं कभी भी गुरुआई न करता क्योंकि आप लोग जो भिन्न-भिन्न प्रकार के विचार वाले व्यक्ति मेरे पास आ कर मुझे मस्तक नवाते हो तो छूत की बीमारी वाले की तरह आप लोगों की Rediation का प्रभाव मेरे पर पड़ता है। इसी कारण मैं देखता हूं कि बड़े-बड़े महात्मा शिष्यों के चक्कर में आकर गिर गये। इससे बचने का उपाय मैंने यह समझा कि मैं आप लोगों से अपने स्वार्थ के लिए या अपनी इज्जत या मान के लिए किसी से प्यार न करूं बल्कि निष्काम रहूं। आप लोगों को भी चाहिए कि अपनी संगति अच्छी रखो तथा अपने सांसारिक जीवन में अपने जैसे विचार वालों से मिलो ताकि आप को अशान्ति न आये। अत: दाता ने मुझे आज्ञा दी

थी कि कभी धार्मिक वाद-विवाद मत करो और न ही अपने धर्म की बात किसी दूसरे को बताओ। कोई यदि पूछता भी है तो उतना ही बताओ जितना तुम को अनुभव है। यह शारीरिक और मानसिक दुनिया का सत्संग है। दूसरा आत्मिक दुनिया का सत्संग है। स्वामी जी की वाणी है :—

सत्संग किसको कहत हैं सो भी तुम सुन लो,
सत्तनाम सत्तपुरुष का, जहां कीर्तन होय।

यहां सत्तपुरुष का और सत्तनाम का कीर्तन अर्थात् गाना (एक तो बाहरी गाना है, एक गाना अन्तर का है) है। तो सत्तपुरुष की संगत में क्या मिलता है? वह समझ या ख्याल मिलता है जिससे कि तुम उस मंजिल तक पहुंच जाओ। सुखमणि साहिब को पढ़ो :—

सत्तपुरुष जिन विवेकिया सत्तगुरु तिसका नाम।
ताके संग शिष्य उभरे नानक हरि गुन गान।

अर्थात् जिस व्यक्ति ने सत्तपुरुष को जान लिया

है उसका नाम सत्तगुरु है। अब प्रश्न यह है कि सत्तपुरुष है क्या वस्तु ? मेरी सारी आयु इसी खोज में गुजर गई। इसी अष्टपदी में लिखा हुआ है :—

जिह्वा एक, अस्तुत अनेक, सत्तपुरुष है पूर्ण विवेक।

विवेक ज्ञान व अनुभव को कहते हैं। पूर्ण विवेक का नाम सत्तपुरुष है जिस व्यक्ति को पूर्ण ज्ञान है उसकी संगत में बैठो, उसकी खिदमत करो, उसकी बातें सुनो तब तुमको वास्तविकता और शान्ति मिलेगी। हम लोग केवल यही समझते हैं कि खड़तालें बजा लीं व गाना गा लिया। किसी सीमा तक वह भी कुछ लाभ पहुंचाता है मगर पूर्ण लाभ क्या होता है ? सत्संग से समझ व ज्ञान मिलता है। जीने का भेद मिलता है। जहां से ये वस्तुएं मिलती हैं वहां का नाम सत्संग है। जब तक सत्संग में बात को नहीं समझोगे तो काम कैसे बनेगा !

चौथा पद सत्त खण्ड कहावे, महासुन्न के पार लहावे।

अब यह जो सत्तपुरुष का विवेक है इसे कौन प्राप्त कर सकता है ? ज्ञान व समझ तुम्हें तब आयेगी जब तुम्हारी वृत्ति व तुम्हारे विचार की शक्तियां एकाग्र होंगी। जब तक किसी के मन की वृत्ति एकाग्र नहीं होती वह किसी बात को समझने के योग्य नहीं होता। इसलिए यह सुमिरन, ध्यान और भजन है ताकि तुम्हारा मन एकाग्र हो जाये, वृत्ति एकाग्र हो जाये। एक तो शारीरिक इन्द्रियों का एकाग्र होना है एक मन को इन्द्रियों का एकाग्र करना है, एक आत्मा की लहरों का एकाग्र होना है जब यह तीनों इकट्ठी हो जाती हैं उस समय जो व्यक्ति का Self हैं उसको ज्ञान होता है कि मैं कौन हूं ? वास्तविकता क्या है क्या नहीं। इसलिए सन्तों के मार्ग में ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह सुरत शब्द का योग है और यह अभ्यास में दिया जाता है। मगर हम लोग तो सारा जीवन अभ्यास में ही मर गये लेकिन अभ्यास का उद्देश्य हमें प्राप्त नहीं हुआ। तो चौथा पद कब आयेगा ? मेरा नहीं आता था। जब से मुझे मन या सूक्ष्म माया का ज्ञान हुआ और मैं मन को

छोड़ कर आगे चला गया तो उस समय मुझे पता लगा कि कोई चौथा पद भी होता है।

चौथा पद सत खण्ड कहावे, महासुन्न के पार रहावे।

यह वाणी जाल है। सब कुछ भूल जाने, इकट्ठे हो जाने को शून्य कहते हैं। महाशून्य क्या है? हमारे मन की जितनी वृत्तियां हैं, ख्यालात हैं उनका समाप्त हो जाना ही शून्य है। और इन सम्पूर्ण ख्यालात व जज़बात का भूल जाना ही महासुन्न यानि बड़ा शून्य है। मैं सारा जीवन महासुन्न को ढूंढ़ता-२ पागल हो गया। मेरा दिमाग़ ही खराब हो गया। वाणियों को इस प्रकार रोचक बनाया गया है कि हम गरीवों को इन गुरुओं; महात्माओं तथा धर्मों ने अपने पीछे इस प्रकार से लगाया है कि ये हमको सच्ची बात नहीं बताते। जब शरीर और मन का बोध-भान समाप्त हो जाता है तो जो अवस्था आ जाती है उसका नाम महासुन्न है। इसके लिए जब तक मानव के अन्दर सांसारिक चाह और आशाएं मौजूद हैं वह लाख प्रयत्न करे

और सिर पटक कर मर जाये उसका वाप भी सुन्न व महासुन्न में नहीं जा सकता। जिसके दिमाग़ पर सांसारिक चाह व जज़बात के संस्कार पड़े हुए हैं वह लाख प्रयत्न करे जितना जी चाहे अभ्यास में जोर लगाये उसको सुन्न कैसे आयेगा। यह तो महासुन्न इत्यादि की अवस्थाएं उन व्यक्तियों के लिए हैं जो व्यक्ति अपने घर जाना चाहते हैं। यह साधारण जनता की वस्तु नहीं है। हम धर्म वाले गुरुओं ने अपने डेरों के लिए सबको नाम-नाम, जो आया नाम। मैंने नाम लेने से पहले मानव बनने को कहा हैं। वरना पैंतीस-2, चालीस-2 वर्ष सत्संगियों को अभ्यास करते-2 हो गये लेकिन उनको क्या मिला ? कभी व्यास, कभी आगरा, दौड़ते फिरते हैं। वह समझते हैं कि किसी गुरु ने हमको दे देना है। किसी गुरु ने नहीं देना, यह सब पाखण्ड का जाल है, धोखा है तथा फ़रेब है। गुरु ने तुमको केवल सीधा मार्ग बताना है या गुरु संगति से तुमको Automatic Rediation मिलनी है। यह नहीं कि गुरु तुमको देगा। यह झूठ है। गुलाब का फूल या सूर्य है वह यह नहीं कहता कि मैं तुमको धूप या

सूर्य है वह यह नहीं कहता कि मैं तुमको धूप या सुगन्ध ही दूंगा और कुछ नहीं दूंगा। जो जैसा व्यक्ति है उसके अन्दर से उसी प्रकार की Rediation निकलती रहती है। जो व्यक्ति बाहर से आते हैं वह अपने ही भाव के अनुसार उससे ले जाते है। यदि सन्त यह कहें कि इसका भला करूं; इसका न करूं तो वह सन्त नहीं है। सन्त के अन्दर से या प्रत्येक व्यक्ति के भीतर से एक विशेष प्रकार की waves निकलती रहती हैं। जो भी अधिकारी उनके सामने आयेगा उसको उनका लाभ पहुंचेगा। ऐसे ही, व्यक्ति किसी को कुछ नहीं देता। अन्य व्यक्ति जैसा वह स्वयं होता है अपने अधिकार के अनुसार उससे वह ले लेता है। यही सारा भेद है तथा यही सत्संग है। दाता दयाल का शब्द है:—

सत्संग तीरथ राज प्रयाग,
गंग भक्ति है निर्मल धारा, सरस्वती ज्ञान विराग।

इसका क्या अर्थ है? सत्संग में जीने का भेद (How to live in this World) अर्थात् मानसिक ज्ञान मिलता है, प्रेम मिलता है तथा समझ मिलती

है और संसार से पार जाने का मार्ग भी मिलता है। तो सत्संग किस व्यक्ति का होना चाहिए ? जो कोई सत्तगुरु है। सत्तगुरु कौन है ? जिसने सत्तपुरुष को जाना है। सत्तपुरुष क्या है ? वह पूर्ण विवेक और पूर्ण ज्ञान है। मगर यह पूर्ण विवेक कब आयेगा और किसको आयेगा ? जो अपने शरीर में रहता हुआ शारीरिक अनुभव करता हुआ, मन में रहता हुआ, ख्यालात का अनुभव करता हुआ उसको छोड़ करके महासुन्न के आगे तीसरा और चौथा पद जो प्रकाश और शब्द हैं उसमें जो ठहरेगा उसे यह सम्पूर्ण ज्ञान होगा।

जो मानसिक ज्ञान मैंने प्राप्त किया मैं वह संसार को बताता हूं। ऐ मानव ! जब स्वप्न का विचार जो तुम्हारे वश में नहीं है (अगर तुम चाहो कि अपनी इच्छा के अनुसार स्वप्न देखो तो वह भी नहीं देख सकते) तुम पर प्रभाव डालता है तो तुम जो कुछ जागते हुए सोचोगे उसका प्रभाव तुम पर क्यों न होगा ? अर्थात् अवश्य होगा।

इस नुक्ते में न हिन्दू का न मुसलमान का तथा न ही ईसाई का प्रश्न है वल्कि सम्पूर्ण जाति का प्रश्न हैं। दूसरा Law of Rediation है। जिसके साथ तुम्हारी संगति होगी उसका प्रभाव तुम पर पड़ेगा। मानवीय जीवन एक दूसरे पर प्रभाव डालता है। Rediation जाती है। अतः अपनी संगति को ठीक करो।

आत्मिक सत्संग क्या है? सत्त का संग। जो व्यक्ति प्रकाश और शब्द में रहता है यदि तुम उसकी संगत करोगे तो उसकी Rediation तुम में जायेगी वशर्ते कि तुम अधिकारी हो, यह भी साथ है। मैंने यह ज्ञान कैसे प्राप्त किया? मेरे साथ एक बात बीती। बाबा जैमलसिंह का एक शिष्य भोला नाथ था वह मुझसे चार वर्ष बड़ा था। मैं अम्बाला गया। वहां उसकी लड़की का पति Chief Booking Clerk था। उसको सदैव रोना रहता था। मैंने नाम लिया हुआ है, मेरी त्रिकुटी नहीं खुलती, मेरा शून्य नहीं खुलता। उस लड़की ने उससे कहा कलपता फिरता है, पण्डित फ़कीर चन्द

के पास चला जा। वह मेरे पास आया। मैंने उससे पूछा—भई ! सुना, तुम्हारी पत्नी है ? 20 बर्ष हुए मर गई। तेरा आचरण ठीक रहा है ? उसने कहा—10 वर्ष तक तो मैं गिरता रहा लेकिन शेष 10 वर्ष मैंने अपने आप को काबू रखा। मैंने कहा—अच्छा, मैं सुवह अभ्यास में बैठ जाऊंगा तुम भी बैठ जाना। मैं प्रातः अभ्यास में चला गया वह भी चला गया, घण्टे के बाद उठे तो वह नाचने लगा। बाबा जी ! मेरा प्रकाश खुल गया, शब्द खुल गया। मैंने अपने आप को पूछा—क्यों फ़कीर चन्द ! क्या तुमने उसे कुछ मन्त्र मारा ? मैंने उसे शब्द, प्रकाश खोलने के लिए कोई फूंक नहीं मारी। मुझे तो पता ही नहीं था कि वह है भी कि नहीं, मैं तो अपने ही अभ्यास में था तो उसका प्रकाश और शब्द किसने खोला ? सत्संग ने। अतः जो व्यक्ति स्वयं शब्द अभ्यासी है उसकी संगति में रहकर आपको उससे लाभ पहुंचेगा। यह सत्संग की महिमा है। यही दाता ने कहा है कि सत्संग क्या होता है ?

सत्संग तीरथ राज प्रयाग।
गंगा भक्ति बहे निर्मल धारा, सरस्वती ज्ञान विराग।
जमुना करम धरम व्यौहारा, प्रेम प्रीत अनुराग।

मैं अपने सत्संग में जीने का भेद बताता हूं। सांसारिक बातें तथा मन की घड़त की शिक्षा भी देता हूं तथा परमार्थ का ज्ञान इत्यादि तीनों बातें बताता हूं। यह दूसरी बात है कि मेरे व्याख्यान तथा पुस्तकों के व्याख्यान में अन्तर है। मुझे भाषण देना नहीं आता। मैं तो जिस प्रकार से एक दूसरे से बातें करते हैं इस प्रकार से आपको समझाने का प्रयत्न करता हूं। तो इस मेरे समझाने का क्या सार निकला? तुम संसार में आये हो अपनी संगति को ठीक करो। तुम्हारे विचारों में शक्ति है। यह संसार आशारूपी है। सब से बड़ी ग़लती जो हम खातें हैं वह यह है कि हम सन्तान को सन्तान के विचार से पैदा नहीं करते। तुम देखो, नौजवान क्या कर रहे हैं? इग्लैंड में देखो और स्थान पर देखो प्रत्येक जगह खुदरो सन्तान है। ऐसी सन्तान पैदा करके यदि तुम यह

चाहो कि तुम्हारा देश या तुम्हारा घर ठीक है, यह नहीं होगा। दुनिया शान्ति चाहती है लेकिन शान्ति नहीं आ सकती क्योंकि खुदरो सन्तान हुई है वह काबू में कैसे रहेगी ? वह अवश्य ही Out of Control होंगे। यह है ज्ञान जो मैंने जीवन में सीखा है और इसे बता कर अपना कर्त्तव्य पूरा कर देता हूं। गो, मैं जानता हूं कि तूती की आवाज़ नक्कारखाने में कोई नहीं सुनता। दूसरे तुम देखो संसार की जितनी मादायें हैं वे समय से पहले कोई नर को अपने पास नहीं आने देतीं लेकिन मानवीय जीवन है जो न सुबह देखता है, न रात देखता है, न शाम देखता है। हम विषय-विकार का जीवन काटते हैं इससे हमारा Balance of mind यानि दिमाग़ खराब हो जाता है। इसलिए मैं कह चला कि भ ! मानसिक और शारीरिक ब्रह्मचर्य रखने का प्रयत्न करो। कम से कम जब तक Maturity को न पहुंचे तब तक तो अपने आप को ठीक रखो।

तीसरे अगर आवागमन या जन्म-मरण से बचने का ज्ञान चाहते हो तो मरते समय तुम्हारे मन में किसी स्थूल वस्तु से प्रेम न हो। केवल अपने मन के साथ किसी के साथ भी प्रेम न करो बल्कि प्रकाश और शब्द में चले जाओ।

घट विश्वास इष्ट पर दृढ़ता, गुरु पद पूरन राग।

किस पर विश्वास ? फ़कीर चन्द पर विश्वास ? नहीं। यदि फ़कीर चन्द पर विश्वास रखोगे तो नहीं तरोगे। आवागमन नहीं जायेगा। फ़कीर चन्द जो बात कहता है उसको समझ करके तुमने विश्वास किस पर रखना है ? मालिक पर अर्थात् अपनी ही ज़ात पर। दीवानो ! वह सत्तगुरु, वह मालिक तुम से भिन्न नहीं है, वह तुम में रहता है और तुम उस में रहते हो। जब तक फ़कीर चन्द पर या किसी बाहरी राम पर विश्वास रखोगे तो यह तो आज भी टूट जायेगा ओर कल भी टूट जायेगा। फ़कीर चन्द के पास से तुमको सच्चा ज्ञान मिलेगा। अपनी ज़ात पर आप विश्वास रखो। वह बाहर

नहीं बल्कि तुम्हारे अन्तर रहता हैं। यह स्पष्ट सच्चाई है। सत्संग का अर्थ हो यही है कि तुमको सच्ची बात बता दी जाये । विश्वास किस पर ? अपनी ही ज़ात पर, अपने ही आप पर । वह मालिक तुमसे भिन्न नहीं है । अपने ही अन्तर में विश्वास रखो ।

घट विश्वास इष्ट पर दृढ़ता, गुरु पद पूरन राग ।

घट विश्वास अर्थात् अपने अन्तर में इष्ट पर विश्वास रखो। इष्ट तुम्हारा क्या है ? इष्ट तुम्हारा वह है जहाँ से तुम आये हो। कहां से आये हो ? दुनिया कहां से पैदा होती है ? प्रकाश से, प्रकाश कहां से पैदा होता हैं ? प्रकाश से, शब्द से ।

अत: हमारा इष्ट क्या हुआ ? शब्द या उससे भी परे जिस में से शब्द निकलता है। दुनिया धक्के किस लिए खाती फिरती है ? कभी मेरे दरवार में आती है; कभी किसी जगह दौड़ती फिरती है कभी किसी जगह । धक्के खा-खा कर क्या करोगे ? असली

पूजा की वस्तु आपके अन्दर है। जहाँ गुरु पद लिखा हुआ है। दुनिया ने इस को गुरु के पैर समझा हुआ है। पद, पदवी, Position या हालत को कहते हैं। जैसे तहसीलदार की पदवी। तो गुरु की पदवी क्या है? गुरु है कौन? तुम्हारे अन्तर से जो कुछ निकलता है उस सब को छोड़ जाने के बाद जो वस्तु शेष रह जाती है वह गुरु पद है, और वो तुम्हारी अपनी ही ज़ात है। सब कुछ तुम्हारे अपने अन्तर है, बाहर कुछ नहीं।

थिर कर बैठो साजन प्यारे, सत्तगुरु तेरे काज संवारे।

सब कुछ तुम्हारे अपने अन्तर में है लेकिन तुम बाहर भटकते फिरते हो। मैं तुमको फ़कीर चन्द के पीछे नहीं लगाना चाहता। मैं तुमको जो बात कहता हूं उसके पीछे लगो। मैं संसार में आया ही इसलिए हूं ताकि सन्तमत को स्पष्ट कर जाऊं। बहुत लूट पड़ी हुई है! संसार में इतनी लूट पड़ी हुई है कि कोई सच्ची बात नहीं बताता बल्कि सब हमको घेर-घार कर अपने जाल में फंसाते हैं। सिक्ख कहते हैं सिक्ख हो जाओ, हिन्दू कहते हैं हिन्दू हो जाओ, मुसलमान

कहते हैं मुसलमान हो जाओ, ईसाई कहते हैं ईसाई हो जाओ।

तीन त्रिवेणी कर अस्नाना, जागे सोया भाग।

कर्म, भक्ति और ज्ञान इन तीनों की बावत मैंने बता दिया। कर्म की बाबत स्पष्ट कह दिया कि सन्तान को सन्तान के विचार से पैदा करो। अपने स्वार्थ के लिए किसी के साथ हेरा फेरी, धोखा, फरेव मत करो। मैं तो यही कर्म समझता हूं। भक्ति अर्थात् प्रेम किससे ? अपने इष्ट से। ज्ञान मैंने बता दिया कि मुक्ति चाहते हो तो संसार से प्रेम मत करो। यह त्रिवेणी है। जब यह ज्ञान हो जाता है तो फिर क्या हो जाता है ? मुझे नहीं पता कि दाता दयाल का भाव क्या है। जब त्रिवेणी नहाने के बाद मैं इन तीनों से ऊपर चला जाता हूं यानि यह सारे कर्म ठीक करने के बाद मुझको क्या हो जाता है ? एक अवस्था आ जाती है। उसको सर्वव्यापकता समझ लो। न मुझे यह विचार होता है कि परमात्मा है, न विचार होता है कि संसार है, न विचार होता हैं कि मैं हूं और न विचार होता है कोई और है बल्कि एक

अवस्था आ जाती है। यह मुझे इस जीवन में मिला। मेरा जीवन सच्चाई से चला, कहां पहुंचा हूं ? यह अवस्था आ जाती है। मेरा Self जो है वह अपने आप को भूल गया। ऐसा मालूम होता है कि वह सर्वव्यापक है। अब मैं क्या करूं वह ब्यान नहीं हो सकता, एक अवस्था पैदा हो जाती है। यह मेरे जीवन का अन्जाम है। इस त्रिवेणी के पार जाने के बाद जीवन को क्या हो जाता है ? जीवन ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है जिसकी तुमको क़दर नही बल्कि मुझे क़दर है। क्यों ? क्योंकि मैंने जीवन में इस मन में बड़ी ठोकरें खाई हैं तथा जीवन में मैंने मन से बहुत दुःख उठाये हैं इसलिए मैं इस जीवन को नहीं चाहता, बल्कि शरीर और मन से निकल कर अपने उस रूप में रहना चाहता हूं जो दाता ने कहा है :—

फ़कीरा ! रूप तेरा अति प्यारा।
तू सत् चित् आनन्द की मूरत, तू तीनों से न्यारा।

यह सत्, चित्, आनन्द क्या है ? मेरे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक बोध-भान, Feelings of

existance of body, feelings of existance of mind and feelings of existance of soul । मैं जो वास्तव में हूं उसका मुझे पता नहीं लगता था मगर अब जब विवश होकर मन को छोड़ जाता हूं, विचार बन्द हो जाते हैं तो आगे प्रकाश और शब्द है ।

तेरी गति मति बुद्धि न जाने, अटक रहे मझधारा ।

बुद्धि कैसे नहीं जानती ? जब मैं मन को छोड़ जाता हूं, शक्लें छोड़ जाता हूं, वहां तो मन है ही नहीं तो बुद्धि क्या जानेगी ! यह क्रियात्मक जीवन का विषय है ।

करम किया, सत्त की चढ़ा घाटी, चित्त में विवेक बिचारा ।
सत्तचित्त आनन्द विलासा, चहूं दिश हरष पसारा ।

मैंने क्या कर्म किया ? अपने अन्तर चलता रहा; अभ्यास करता रहा; यही मेरा कर्म था । सत्त की घाटी मैं कब चढ़ा ? जब मैं मन के रूप को समझ कर मन को छोड़ गया । इससे क्या है ? जीवन प्रसन्नता से गुजरता है ।

तीन त्याग चौथे को धारे सो सबका आधारा,
द्वन्द्व जगत त्रिपुटी की त्रिकुटी, छोड़ चला घरवारा।

घरवार कौन सा ? 18, रेलवेमण्डी नहीं बल्कि शरीर को भूल गया, मन को भूल गया, आत्मा को भूल गया। यह है छोड़ देना। अभ्यास करते है तो सब भूल जाते हैं न !

नहिं है दो चार है नहिं है सहस्र हजारा।
एक एक है एक है, जाने जानन हारा।

अब अनुभव हो गया न ! अनेक ख्यालात होते थे। मैं और था मेरे ख्यालात और थे। शक्लें, व नूर व प्रकाश देखता था। देखने वाला कोई और था, शक्लें व नूर और था वह जो देखने वाला था वह मैं था।

एक अनेक कहां है तुझ में, यह भी भूल विकारा।
राधास्वामी रूप लखे, अपना तू व्यापक संसारा।

मैं अब यहां पहुंचा। कब पहुंचा ? जब मन की समझ आने से मन से उपराम होकर मन को

छोड़ दिया तब अपने उस रूप में चला गया। आज शब्द था :—

तीन त्रिवेनी कर अस्नाना, जागे सोया भाग।

मैं सोचता हूं कि सोया भाग क्या जागा ? जो मेरा आद था मुझे उसका पता लग गया। मेरा और तुम्हारा आद क्या है ? एक अवस्था है जहाँ से गति पैदा होती है, शब्द और प्रकाश पैदा हो जाता है, संसार बन जाता है।

सुगम सहज सुख मंगल दाता, सुलभ जो सेवे लाग।
नहाये धोये निर्मल हो मन चित, छूटें कलि मल दाग।

क्या हो जाता है ? मन साफ हो जाता है, जीवन शान से गुजर जाता है।

बगला विरति हंस गति पावे, कोयल बानी साज।

बगुला क्या करता है ? भक्त बन कर बैठ जाता है। मच्छी आती है, उसे हड़प कर जाता है। हम क्या करते हैं ? अपने स्वार्थ के लिए इतनी

